>

Title: Need to formulate a scheme for the welfare of Indians going abroad for employment.

श्री सतपाल महाराज (गढ़वाल): महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं, उन रोजगार प्राप्त करने वाले व्यक्तियों के लिए, जो अपने परिवार का पालन-पोषण करने के लिए, अपनी आर्थिक समृद्धि के लिए विदेश जाते हैं। यहां से विदेश जाने पर वे गायब हो जाते हैं, अपने काम पर पहुंच नहीं पाते हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र में श्रीमती कौशल्या देवी, निवासी रतनपुर कुम्भी चौड, कोटद्वार का पुत्र गायब है। जिसने वैसल एम/वी अमोल अंडर दी एजेंसी नेशनल अंजुमान पैट्रोल कंपनी में ज्वाइन किया था। दिनांक 4 जनवरी 2013 को घर से रोजगार के लिए निकले, परन्तु पहुंच नहीं सके। इसी प्रकार से अन्य भारतीयों की शिकायत आती है कि वे यहां से जाते हैं और वहां उनका पासपोर्ट जब्त कर लिया जाता है, उनसे बहुत ही घिनौने काम कराये जाते हैं और उन्हें कम पैसा दिया जाता है।

महोदय, मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि वे देश से रोजगार के लिए दूसरे देशों में जाने वाले व्यक्तियों को भारतीय दूतावास से कनेक्ट करने की कोई योजना बनाये। जिससे कि देश से बाहर रोजगार के लिए जाने वाले भारतीयों को प्रताड़ना का शिकार न होना पड़े और वे अपने देश और परिजनों के सम्पर्क में रहें।